(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः ***vidyabhartibpl@gmail.com,***

www.vidyabhartimp.org

पंजीयन क्र.-17195

पत्र क्रमांक :319/मूल्यांकन (परीक्षा)/2020 दिनांक-08/12/2020

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक /प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,
समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, मध्यभारत प्रांत।

विषयः- अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन (परीक्षा) एवं प्रश्न पत्र वितरण विवरण।

महोदय,

सप्रेम नमस्कार। सत्र 2020-21 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचनाऐं निम्नानुसार हैः-

⇒ अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन (परीक्षा) की समय-सारणी संलग्न है।

⇒ नक्शे के लिफाफे पृथक से दिये जाएंगे। नक्शे के लिए धागे की व्यवस्था विद्यालय स्वयं करेंगे।

⇒ वितरण केन्द्र के विद्यालय से दो प्रतिनिधि प्रश्न-पत्र लेने के लिए सूची में दर्शाए नियत तिथि को **प्रतिष्ठान कार्यालय 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल** में आना है।

⇒ यदि प्राचार्य/प्रधानाचार्य स्वयं प्रश्न-पत्र लेने न आ सकें तो प्रतिनिधि को प्राधिकार पत्र देकर भेजें। यह सुनिश्चित कर भेजे कि प्रतिनिधि दूसरा कार्य साथ लेकर न आवें।

⇒ (क) विभाग वितरण केन्द्र को प्रांत वितरण केन्द्र भोपाल तक आने-जाने का शुद्ध रेल/बस का किराया एवं लगेज व्यय प्रान्तीय कार्यालय द्वारा दिया जाएगा। (व्यय पत्रक के साथ टिकिट संलग्न करें) प्रश्न पत्र प्रातः 10.00 बजे से 5.30 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन गंतव्य स्थान को प्रस्थान करना है।

(ख) सभी संबंधित विद्यालय विभाग वितरण केन्द्र से **दिनांक 23 दिसम्बर 2020 को** प्रश्न-पत्र के लिफाफे प्राप्त कर लें।

⇒ प्रश्न-पत्र प्राप्त करते समय विषय, लिफाफों की संख्या तथा लिफाफों की स्थिति से आप पूर्ण सन्तुष्टि कर लें।

⇒ प्रश्न-पत्रों को किसी भी स्थिति में मूल्यांकन (परीक्षा) के लिए नियत तिथि एवं समय से पूर्व नहीं खोलना है।

⇒ आदर्श उत्तर माला के लिफाफे को उस दिन की मूल्यांकन (परीक्षा) उपरान्त दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए खोलें।

⇒ **जिन विद्यालयों ने प्रान्ताश अभी तक जमा नहीं किया है। वे प्रश्न-पत्र वितरण से पूर्व प्रान्तीय कार्यालय को प्रान्तांश भेजें। अन्यथा प्रश्न पत्र दिया जाना सम्भव नहीं होगा।**

⇒ प्रश्न पत्र में पाई जाने वाली त्रुटियों से प्रतिष्ठान को अवगत कराने हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं पर आधारित जानकारी परीक्षा समाप्ति के 15 दिन के अन्दर भेजी जाए, ताकि उस पर विचार किया जा सके :-

विषय वस्तु	पाठ्यक्रम	प्रश्न - रचना	मुद्रण	अन्य

वितरण केन्द्रों के लिए निर्देश :-

⇒ विभाग वितरण केन्द्र अपने विभाग के विद्यालयों की कक्षाशः छात्र संख्या प्रारूप के अनुसार भर कर अपने साथ प्रांत परीक्षा वितरण केन्द्र भोपाल लावें।

⇒ प्रांत वितरण केन्द्र पर विभाग से भरकर लाए गए प्रारूप की संख्या मिलान के पश्चात् ही प्रश्न पत्रों का वितरण होगा।

⇒ संख्या का मिलान अवश्य करा लेवें अन्यथा त्रुटि संबंधी दायित्व वितरण केन्द्र का माना जाएगा।

⇒ वितरण केन्द्र अपने स्तर से भी संबंधित विद्यालयों को प्रश्न-पत्र प्राप्त करने की सूचना अविलम्ब भेजें ताकि प्रश्न-पत्र समय से पूर्व विद्यालय में पहुंच सके।

⇒ **वितरण करने वाले केन्द्र प्रमुखों तथा उनके अंतर्गत आने वाले विद्यालयों की सूची संलग्न है।**

⇒ **विभाग केन्द्र से प्रश्न पत्र लेने का समय प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक रहेगा।**

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव